प्रेषक,

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकुला।

सेवा में,

राज्य के सभी राज्यकीय तथा निजी विश्वविद्यालय के कुलपति,
व प्राचार्य, राज्य के सभी राज्यकीय, सहायता प्राप्त तथा
स्वयं पोषित महाविद्यालय,

यादी क्रमांक 6/35–2016 एन0सी0सी0 (2)
दिनांकः– 20.10.2016

विषयः– **"Nation Salutes Sardar Vallabhai Patel, the Unifier of India" – Nation-Wide Campaign of "Rashtriya Ekta Sapth" from October 31-November 6, 2016.**

---

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है कि भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकार द्वारा भी 31 अक्तूबर को (लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस) "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्वेश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समुदाय को एकता, अखण्डता, स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति सन्देश देना है।

इस उपलक्ष्य में निम्नानुसार कार्यक्रम सभी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में आयोजित करवाये जाने हैः––

1. सभी उप मंडल तथा जिला मुख्यालयों पर 31.10.2016 को उपायुक्त/उप मंडल अधिकारी के निर्देशन में run for unit का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसके लिये सभी उप कुलपति, प्राचार्य व जिला अधिकारी/उप मंडल अधिकारी सम्मिलित होकर आयोजन की रुपरेखा तथा सफल आयोजन करने बारे 28.10.2016 तक निश्चित करेगें।
2. सभी उप मंडल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उप मंडल मुख्यालय के सबसे बड़े महाविद्यालय को आयोजन स्थल बनाया जाए। इसके लिए बनाये गये आयोजन महाविद्यालय में कम से कम 500 विद्यार्थियों का समूह बनाया जाए। उप मंडल के विभिन्न महाविद्यालयों से बच्चों को भी आमंत्रित किया जाए। इस कार्यालय में सरकारी तथा गैर सरकारी दोनो प्रकार के महाविद्यालयों को शामिल किया जाए।
3. कार्यक्रम की शुरूआत में सभी को "राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ" दिलवाई जाए (शपथ पत्र साथ संलग्न है)। तदुपरान्त एकता दौड़ ( Run for Unity) का आयोजन किया जाए।
4. उप मंडल स्तरीय केन्द्रों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर मेंकिग, कोलाज, मेंकिग निबन्ध लेखन/कविता लेखन, स्लोगन लेखन के आयोजन के साथ–साथ भाषण

प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाए। जिसके विषय राष्ट्रीय एकता अखण्डता और सुरक्षा तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन पर आधारित होंगे।

5. सभी आयोजित प्रतियोगिताओं का विषय राष्ट्रीय एकता पर केन्द्रित होगा।
6. सभी प्रतिभागियों को किसी विशिष्ट अधिकारी या अतिथि द्वारा सम्बोधित किया जाए।
7. कार्यक्रम में NCC/NSS के विद्यार्थी मार्च–पास्ट करेंगें। ये सभी विद्यार्थी वर्दी/गणवेश में होंगे।
8. कार्यक्रम का समापन सामुहिक राष्ट्रीय गान से किया जाए।
9. सभी Vice Chancellor/Principal दिनांक 31.10.2016 को इन आयोजन में उपस्थित होंगें, तथा उक्त अधिकारीगण सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित करेंगें तथा आयोजन को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान देगें।
10. इस सन्दर्भ में जिला उपायुक्त महोदय से मिलकर इस कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन कर लिया जाए तथा सम्बन्धित DC महोदय के द्वारा जिला मुख्यालयों के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में इस कार्यक्रम का शुभारम्भ करवाया जाए। सभी बच्चों को जिला उपायुक्त द्वारा सम्बोधित किया जाए।
11. इस कार्यक्रम में सभी समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, गणमान्य विभूतियों, अभिभवकगण तथा प्रेस को भी शामिल किया जाए।
12. इस आयोजन की पूरी रिपोर्ट, फोटोग्राफ, प्रैस एवं मीडिया कवरेज की रिपोर्ट इस निदेशालय को दिनांक 31.10.2016 को सांय 5 बजे तक इस कार्यालय को E-mail से देंगें। सभी रिपोर्ट, फोटोग्राफ Social Media/ Facebook पर भी Upload की जाए।
13. सभी उप कुलपति तथा प्राचार्य सयुंक्त रूप से इस आयोजन के लिए जिम्मेदार होंगें। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम 31 अक्टूबर के कार्यक्रम के इलावा सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक सदभाव, समरसत्ता पर आधारित कार्यक्रम करवाये जाने है।

| क्रमांक | तिथि एवं समय | कार्यक्रम | विषय | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02.11.2016 प्रातः 10.00 से 11.00 बजे | निबन्ध लेखन प्रतियोगिता | राष्ट्रीय एकता अखण्डता सुरक्षा | |
| 2 | 03.11.2016 प्रातः 10.00 से 11.00 बजे | स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता | राष्ट्रीय एकता अखण्डता सुरक्षा | |
| 3 | 04.11.2016 प्रातः 10.00 से 11.00 बजे | कविता एवं गीत लेखन प्रतियोगिता | राष्ट्रीय एकता अखण्डता सुरक्षा | |
| 4 | 05.11.2016 प्रातः 10.00 से 11.00 बजे | निबन्ध लेखनएवं भाषण प्रतियोगिता | राष्ट्रीय एकता अखण्डता सुरक्षा | |

इन आयोजनो हेतु उप मंडल स्तरीय महाविद्यालयों को 10000 रूपये की राशि जारी किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

क्रमांक 13 पर उल्लेखित महाविद्यालय स्तरीय आयोजनो के सन्दर्भ में चार्ट कलर, पोस्टर, पेपर, बैनर आदि की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की जल पान व्यवस्था के लिए राशि महाविद्यालयों को Amalgamated Fund में से राशि खर्च करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

| क्रमांक | छात्र संख्या | खर्च स्वीकृता |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 100 | 5000 रूपये |
| 2 | 101 से 500 | 10000 रूपये |
| 3 | 501 से अधिक | 20000 रूपये |

इसके साथ यह भी सूचित किया जाता है कि सभी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के उप कुलपति तथा प्राचार्यो को यह भी निर्देश दिये जाते है कि 31.10.2016 को कोई भी अधिकारी व कर्मचारी अवकाश पर नही रहेगा तथा सभी शिक्षण संस्थान पूर्ण रुप से खुले रहेंगें तथा अन्य कार्यदिवस की भांति कार्य करेगें।

उप निदेशक कैडिट कौरपस,
कृतें निदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा,
पंचकुला।

पृष्ठांकन क्रमांक सम: दिनांक पंचकुला

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजि सचिव, प्रधान सचिव, उच्चतर शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. निजि सचिव, निदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त

उप निदेशक कैडिट कौरपस,
कृतें निदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा,
पंचकुला।

# राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।